मूल्य 1 रु.
वर्ष: 14 - अंक : 40, मुंबई, सोमवार, 1 अप्रैल, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

॥ शुभ लाभ ॥
MIX MITHAI
मोतीचूर लड्डू
बदाम बर्फी
काजू कतली
मलाई पेड़े
काजू रोल
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.

DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# छुपाने के लिए 11 करोड़ का कोकीन खा गया तस्कर...





## पेट से निकाले 74 कैप्सूल, 11 करोड़ कीमत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई से हैरान करने वाले दो मामले सामने आए हैं। पहले मामले में सीएसएमआई हवाई अड्डे से एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पेट से 11 करोड़ की कोकीन बरामद हुई है। ओपरेशन के जरिए 74 कैप्सूल निकाले गए। कोकीन का वजन 1108 ग्राम है। पकड़ा गया ड्रग्स तस्कर सिएरा लियोन का नागरिक है। तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। दूसरे मामले में मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने 10 किलो 68 ग्राम सोना बरामद किया है। तस्करी के विभिन्न रूट के जरिए सोने को मुंबई लाया जा रहा था। जहां से ये देश के अलग हिस्सों में डिलीवर होना था। जब्त किए गए गोल्ड की कीमत 6 करोड़ 30 लाख रुपए बताई जा रही है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### रमजान मुबारक हिजरी 1445 साल 2024

**मुंबई और आसपास के इलाकों में टाईम**

रोजा इक्कीसवां (21)
01 अप्रैल 2024 सोमवार

खत्मे शहेरी : 5:09 A.M
**रोजे की निय्यत:** नवैतु अन असौमा गदन लिल्लाहि तआला मिन फर्जी रमजान।

वक्ते इफ्तार : 6:55 P.M
**इफ्तार की दुआ:** अल्लाहुम्मा इन्नी लका सुमतो वबैका आमनतो व इलयका तवकल्लतो व आला रिजकेका अफ्तरतो फतकब्बल मिन्नी।

रमजान का (21 से 30 रोजा) तीसरा असरा जहन्नम से नजात पाने का होता है।

## महाराष्ट्र के सहकारी बैंक में बड़ा घोटाला

### अधिकारी ने किया 5.45 करोड़ का गबन



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के नांदुरा अर्बन बैंक में बड़े गबन का पर्दाफाश हुआ है। इससे बैंक में पैसे रखने वाले ग्राहकों को अपनी जमापूंजी डूबने का डर सता रहा है। आरोप है कि बैंक के एक अधिकारी ने ही बैंक को 5 करोड़ 45 लाख रुपये का चूना लगाया है। इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी अधिकारी का नाम गजानन शर्मा है।
(शेष पृष्ठ 3 पर)

### पैसे निकालने दौड़ी भीड़

यह घटना जंगल की आग की तरह फैल गई, जिसके बाद जमाकर्ताओं को अपना पैसा डूबने का डर सताने लगा। बैंक में पैसा निकालने के लिए जमाकर्ताओं की भारी भीड़ जमा हो गयी। हालांकि, बैंक प्रबंधन ने जमाकताओं से न घबराने की अपील की है और आश्वासन दिया है कि उनका पैसा सुरक्षित है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

## लोकसभा चुनाव पर महाराष्ट्र बीजेपी का महामंथन

### 'मिशन 48' को सफल बनाने का लिया प्रण




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को रिव्यू मीटिंग की। यह बैठक मुम्बई के नरीमन पॉइंट बीजेपी ऑफिस में हुई। इस दौरान चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई, साथ ही कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति के मिशन 48 को सफल बनाने के लिए बीजेपी कार्यकर्ता जुट जाएं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की हर सीट पीएम मोदी की है, वो इसे कैसे जीत सकते हैं उस दिशा में काम शुरू कि या जाए। बीजेपी कार्यकर्ता महायुति प्रत्याशी को अपना मानकर काम करें। साथ ही महायुति हर विधानसभा में सभा आयोजित करने की योजना बना रही है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## रोहित शर्मा के आउट होने पर क्रिकेट प्रेमियों में हुआ झगड़ा

### एक की हत्या, 2 गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** आईपीएल 2024 को लेकर हुए विवाद में महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच बुधवार को ऐतिहासिक मुकाबला खेला गया। दोनों टीमों ने कई रिकॉर्ड बनाये। मुंबई बनाम हैदराबाद मैच में रोहित शर्मा के आउट होने के बाद हुए विवाद में एक क्रिकेट प्रेमी की हत्या कर दी गई।
(शेष पृष्ठ 3 पर)

## हमारी बात

# दुनिया सब देखती है



**बुनियादी सवाल यह है कि आज दुनिया को भारत में लोकतंत्र की हालत पर चिंता जताने का मौका क्यों मिल रहा है? भारत ने दुनिया में अपना जो सॉफ्ट पॉवर बनाया था, आज वह अपनी साख क्यों खोने लगा है?**

यह निर्विवाद है कि हर देश किसी दूसरे देश की अंदरूनी हालत के बारे में टिप्पणी अपने भू-राजनीतिक हितों को ध्यान में रखकर ही करता है। इसलिए बहुत-से मामलों पर बहुत-से देश चुप रहते हैं या मद्धम टिप्पणी करते हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं होता कि बाकी दुनिया किसी देश के अंदर क्या हो रहा है, उससे नावाकिफ रहती है। अब अगर जर्मनी और अमेरिका ने भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बारे में जुबान खोली है, तो मुमकिन है कि इसके पीछे उनकी कुछ भू-राजनीतिक गणनाएं हों। मगर बुनियादी सवाल यह है कि आज दुनिया को भारत में लोकतंत्र की हालत पर चिंता जताने का मौका क्यों मिल रहा है? आखिर अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज किए जाने से बने हालात पर संयुक्त राष्ट्र ने भी जो कहा है, उसे इस विश्व संस्था की तरफ से जताई गई चिंता के रूप में ही देखा जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अपने लोकतंत्र के जीवंत रिकॉर्ड, खुले समाज, और सहिष्णु संस्कृति के कारण भारत ने दुनिया में अपना जो सॉफ्ट पॉवर बनाया था, आज वह अपनी साख खो रहा है। विश्व मीडिया में बेशक आज भारत की तेज आर्थिक वृद्धि दर की चर्चा सुर्खियों में है, लेकिन साथ ही यहां लोकतांत्रिक प्रक्रिया में ह्रास और मानव अधिकारों के लिए बढ़ती चुनौतियों की चर्चा भी आज दुनिया में छाई हुई है। भारत सरकार नहीं चाहती कि यह चर्चा आगे बढ़े या इस चर्चा की खबर भारत में उसके समर्थक वर्ग तक पहुंचे। वह उनके बीच ये धारणा बनाए रखना चाहती है कि आज पूरी दुनिया भारत के अमृत काल पर मंत्रमुग्ध है। इससे बने कथित रुतबे को दिखाने के लिए प्रतिकूल बातें कहने वाले देशों को वह फटकार भी लगा देती है। लेकिन इन सबसे सचमुच भारत के हार्ड पॉवर बनने का कोई संकेत नहीं हैं। उलटे देश चाहे पश्चिमी हों, या ग्लोबल साउथ के- वे विशुद्ध रूप से लेन-देन या नुकसान-मुनाफे की गणना के आधार पर भारत के साथ अपने रिश्ते को आंकने लगे हैं। गुजरे हाल के महीनों में भारत की अंतरराष्ट्रीय हैसियत के लिए

# इस्लामिया जामे मस्जिद भौआड़ा में आज तरावीह में क्या पढ़ा, पारा नंबर बिस

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** अल्लाह की निशानियों पर ईमान लाओ। सारी कायनात में फैली हुई निशानियाँ पुकार रही हैं कि इस कायनात में कोई अल्लाह का साझी नहीं है। अल्लाह के साथ किसी को शरीक न बनाओ। अच्छे काम करो और बुरे कामों से दूर रहो । यक़ीन रखने वालों के लिए इस कुरआन में हिदायत ही हिदायत और रहमत ही रहमत है। कुरआन पाक यह भी बताता है कि इंसानों ने कहाँ-कहाँ हक बात से किनाराकशी की है। अल्लाह पर भरोसा करो और यक़ीन रखो कि जब तक तुम कुरआन को थामे हुए हो, सही रास्ते पर हो ।



उस रब की बंदगी करो जो मक्का शहर का रब है। जिसने इस शहर को मोहतरम बनाया है और जो हर चीज का मालिक है। उसके फरमाँबरदार बन कर रहो । कुरआन सुनाते रहो । तुम्हारा काम लोगों को बुरे कामों के बुरे अंजाम से खबरदार कर देना है। अल्लाह की हम्द (प्रशंसा) बयान करते रहो और उसकी निशानियों से आने वाली आवाजों को गौर से सुनो। अल्लाह तुम्हारे कामों से गाफि ल नहीं है, तुम भी उससे गाफि ल न रहो ।

**28. सूरह अल-कसस**

अल्लाह की जमीन में रहते हुए सरकशी न करो, फसाद न फैलाओ, इंसानो को गुलाम न बनाओ और इंसानों पर जुल्म व सितम न ढहाओ। अल्लाह की नजर में यह सब बहुत संगीन जुर्म (अपराध) हैं। इस गलतफहमी में न रहो कि जुल्म की चक्की सदा चलती रहेगी। फि रऔन और हामान और उनके लश्कर के अंजाम से सबक हासिल करो और जुल्म से बाज आ जाओ। वरना अल्लाह की मार इस तरह पड़ेगी कि तुम सोच भी नहीं सकते ।

जिन लोगों को कमजोर और बेबस करके गुलामी और महकूमी की ज़िंदगी पर मजबूर किया जा रहा है, वे अल्लाह की मदद से मायूस न हों। वे महकूमी को अपनी कि स्मत समझकर आजादी से मायूस न हो जाएं। अल्लाह से ताल्लुक मजबूत रखें। अल्लाह को मंजूर होगा तो वे जरूर महकूमी की ज़िल्लत से बाहर आएंगे और उन्हें जमीन में इक़्तेदार और इज्जत की ज़िंदगी हासिल होगी ज़िंदगी को अच्छे कामों से सजाओ। जो लोग अपनी ज़िंदगी में अच्छे- अच्छे काम करते हैं, अल्लाह उन्हें हिकमत और इल्म से नवाजता है। जब कभी तुमसे कोई गलती हो जाए तो समझ जाओ कि उसके पीछे शैतान का हाथ है। वह तुम्हें गलती में डालकर अपनी दुश्मनी निकाल रहा है। दूसरों के साथ ज्यादती कर बैठो तो यह समझो कि तुमने अपने साथ ज्यादती की है । गलती का एहसास होते ही अल्लाह से क्षमा याचना करो। अल्लाह की बख़्शी हुई दौलत और ताकत से हक का साथ दो, कभी भी मुजरिमों का साथ न दो ज़िन्दगी के हर मोड़ पर दुआ करते रहो कि अल्लाह तुम्हें सही रास्ते पर कायम रखे । जब किसी परेशानी में फंस जाओ तो अल्लाह से खैर की दुआ करो जो लोग अल्लाह की किताब का इनकार करते हैं और अपनी ख़्वाहिशात (इच्छाओं) की पैरवी करते हैं, ये लोग जुल्म का रास्ता इख़्तियार करते हैं और अपने आप को अल्लाह की हिदायत से महरूम कर लेते हैं। कुछ लोग अल्लाह की किताब को देखते ही पहचान लेते हैं कि यह उनके रब की तरफ से आई हुई हिदायत है। उनके दिल में अल्लाह की फरमाँबरदारी का जज्बा पहले से होता है। वे साबितकदमी इख़्तियार करते हैं। बुराई का इलाज अच्छाई से करते हैं और अल्लाह की दी हुई रोजी अल्लाह की राह में खर्च करते हैं। बेहदा बातों से परहेज करते हैं और अपने अच्छे कामों को बर्बाद होने से बचाने की फि क्र करते हैं।

इंसानों का डर तुम्हें अल्लाह की हिदायत कुबूल करने से न रोक दे, अल्लाह की कुदरत पर भरोसा रखो। देखो अल्लाह ने एक पूरे शहर को अम्न का गहवारा बना दिया और उसे फलों की मंडी बना दिया। यह भी याद रखो कि दुनिया में जो कुछ भी मिला है वह चंद दिनों का है। आखिरत में जो मिलने वाला है वह इससे बहुत बेहतर है और हमेशा रहने वाला है। इसलिए अल्लाह की तरफ रुजू करो, सच्चे दिल से ईमान लाओ और नेक आमाल करो, कामयाबी तुम्हारे इंतजार में है अल्लाह तुम्हें दौलत से नवाजे तो सरकशी न करो, घमंड न करो अपनी आखिरत बनाने की फि क्र करो, अल्लाह ने तुम पर एहसान किया है तुम लोगों पर एहसान करो जमीन में फसाद न फैलाओ। यह न समझो कि तुम्हें जो कुछ मिला है वह तुम्हारी अपनी काबिलियत से मिला है और यह भी न समझो कि तुम्हारे पास दौलत है तो तुम अल्लाह की पकड़ से बच सकते हो। कारून के अंजाम से सबक हासिल करो दौलत वालों को देखकर दौलत की हवस दिल में पैदा न होने दो। ईमान लाने और अच्छे काम करने वालों के लिए अल्लाह के पास जो कुछ है वह इससे कहीं ज्यादा बेहतर है आखिरत की खुशियाँ चाहते हो तो सब्र और इस्तिकामत के साथ ज़िन्दगी गुजारो आखिरत का बेहतरीन अंजाम उनके लिए है जो ज़िन्दगी भर अल्लाह की नाराजगी से बचते रहें, जमीन में अपनी बड़ाई के ख़्वाब न देखें और जमीन में बिगाड़ न फैलाएँ अल्लाह का कानून यह है कि जो नेकी लेकर आएगा उसे नेकी का सिला और जो बुराई लेकर आएगा उसे बुराई का बदला मिलेगा । तुम्हारे पास अल्लाह की किताब है। यह तुम्हारे रब की रहमत है, इसे मजबूती से थाम लो। इनकार करने वालों के मददगार न बनो। ऐसा न हो कि ये लोग तुम्हें अल्लाह की आयतों से दूर न कर दें। तुम अपने रब की तरफ बुलाते रहो और शिर्क करने वालों से कोई रिश्ता न रखो 29. सूरह अल-अनकबूतअल्लाह से झूठी उम्मीदें न बाँधो, निजात के आसान रास्तों के चक्कर में न रहो। ईमान का महज दावा काफी नहीं है। अल्लाह जरूर आजमा कर देखेगा कि कौन ईमान में सच्चा है और कौन झूठा है। अपने ईमान को सच्चा साबित करने की फि क्र करो यह न समझो कि बुरे काम करके अल्लाह की पकड़ से बच जाओगे। जो गलत अंदाजे कायम करेगा वह बाद में पछतायेगा ।

जो अल्लाह से मिलने की उम्मीद रखेगा वह उसके लिए तैयारी करेगा और जो आखिरत के लिए तैयारी करेगा अपनी मेहनत का भरपूर सिला पाएगा। ईमान की हिफाजत करो और खुदा के पसंदीदा काम करो, अल्लाह तुमसे बुराइयों को दूर कर देगा और तुम्हारे बेहतरीन कामों का ईनाम देगा माँ-बाप के साथ अच्छा बर्ताव करो। अगर वे तुम पर जोर डालें कि अल्लाह के साथ शिर्क करो तो उनकी बात न मानो। ईमान पर साबितकदम रहो और अच्छे काम करते रहो, अल्लाह तुम्हें अच्छे लोगों में शामिल कर देगा अल्लाह पर ईमान लाने के बाद उसकी राह पर मजबूती से जम जाओ। लोग सताएँ तो सब्र करो। याद रखो दुनिया की आजमाइशें अल्लाह के अजाब के मुकाबले में कुछ भी नहीं। मुनाफि कों का रवैया न इख़्तियार करो जो सिर्फ़ दुनयावी फायदों के लिए ईमान का दावा करते हैं। अल्लाह तुम्हारे सीनों के हाल से वाकि फ है अल्लाह का इनकार करने वालों के रास्ते पर न चलो, न उनके वादों। भरोसा करो, कयामत के दिन कोई किसी के गुनाहों का बोझ नहीं उठाएगा। उस दिन सारे शैतान और उनकी पैरवी करने वाले सब लोग अपने-अपने गुनाहों के बोझ तले दबे होंगे अल्लाह की बंदगी करो, उसकी नाराजगी से बचो, वही राज़िक है उसी से रोजी माँगो। उसका शुक्र अदा करो। उसकी रहमत से मायूस न हो। उसकी आयतों पर ईमान लाओ और उससे मुलाकात पर यक़ीन रखो। अल्लाह के मुकाबले में किसी की धमकी को खातिर में न लाओ और ईमान पर साबितकदम रहो । बदकारी से दूर रहो, डकैती और राहजनी न करो, अपनी मजलिसों में बुरे काम न करो, जमीन में फसाद न फैलाओ। जुल्म का रास्ता न इख़्तियार करो। अल्लाह के अजाब से डरो अक़्ल से काम लो । अल्लाह को छोड़कर किसी और को सरपरस्त न बनाओ। जिसको भी सरपरस्त बनाओगे वह मकड़ी के जाल से भी ज्यादा कमजोर साबित होगा

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# निर्भीक व निष्पक्ष होकर करें मतदान : जिलाधिकारी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**जलगाँव।** जिले के कस्बे एरंडोल में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के बीच जन जागरूकता और मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जलगांव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के 03 जिला निर्वाचन अधिकारी, और 16 एरंडोल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी और उपविभागीय अधिकारी मनीष कुमार कलेक्टर जलगांव आयुष प्रसाद के अधीन गायकवाड़, साथ ही छह मतदाता पंजीकरण अधिकारी और एरंडोल तहसीलदार सुचिता चव्हाण और तहसील कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ एरंडोल में सरकारी कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और बीएलओ ने तहसील कार्यालय से साइकिल रैली शुरू की। कलेक्टर



एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जलगांव ने स्वयं साइकिल चलाकर रैली में भाग लिया और शहर के चौराहे पर राष्ट्रपुरुष की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन किया तथा मतदाताओं से बातचीत की और सभी से निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर मतदान करने का आग्रह किया। इस बार साइकिल रैली में शहर के मतदाता भी स्वेच्छा से शामिल हुए. उक्त रैली में मधुकर ठाकुर कसौदा, एरंडोल ने मतदाता जागरूकता के अपने अनूठे तरीके से साइकिल को सजाकर मतदाता जागरूकता पैदा कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई। सदर रैली एरंडोल शहर के विभिन्न चौराहों का भ्रमण कर वापस तहसील कार्यालय पहुंचकर रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अच्छी प्रतिक्रिया देते हुए रैली को सफल बनाया। मतदाता पंजीकरण अधिकारी और तहसीलदार एरंडोल सुचिता चव्हाण ने सभी को धन्यवाद दिया और लोकतंत्र की इस पवित्र भावना यानी लोकसभा आम चुनाव - 2024 में सभी मतदाताओं को आमंत्रित किया। सभी से अनुरोध है कि 13/05/2024 को होने वाले मतदान में पूर्ण रूप से भाग लें और संविधान द्वारा दिए गए अधिकार का प्रयोग करें।

# अखिल भारत मानव अधिकार सेवा संघ के नए कार्यालय का उद्घाटन कुर्ला

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 31 मार्च 2024 रविवार को कार्यालय भव्य उद्घाटन अखिल भारत मानव अधिकार सेवा संघ का विनोबा भावे पोलीस स्टेशन के पास एम.आई.जी कॉलोनी के सामने कुर्ला (पश्चिम) मुंबई 70 मुंबई अध्यक्ष खलील शेख, मुंबई उपाध्यक्ष सज्जाद अली द्वारा कार्यालय आम जनता की समस्याओं के लिए कार्यालय का उद्घाटन किया गया शुभ हस्ते राष्ट्रीय अध्यक्ष जमील चिश्ती जी अपनी पोलीस सुरक्षा के साथ और साथ मौजूद रहे इस्लाम खान, सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), मो. शोएब खान, निसार अहमद खान, जय हिन्द कुमार प्रजापति,




पठान असदान, अजय कुमार यादव, हरिकेश जयसवाल सर एस9 न्यूज चैनल, अजीज सर आप इंडिया टाइम्स न्यूज चैनल, मॉडल जावेद भी मौजूद रहे साथ और भी कार्यकर्ता मौजूद रहे साथ ही पद भी दीए गए बहुत से कार्यकर्ताओं को और आम जनता भी मौजूद रही।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**छुपाने के लिए 11 करोड़ का कोकीन खा गया तस्कर...**

ये गोल्ड पैड लॉक, हैंड बैग सहित कपड़ों में कैविटी और शरीर के अन्य हिस्सों में छिपाकर लाया जा रहा था। पुलिस द्वारा तस्कर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की है। मुंबई डीआरआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद की है। 28 मार्च को यह कार्रवाई की गई है टीम ने कोकीन को तस्कर के पेट से बरामद किया है। विदेशी ड्रग्स तस्कर ने पकड़े जाने के डर से कोकीन के 74 कैप्सूलों को निगल लिया था। खुफिया जानकारी के आधार पर तस्कर की जांच की गई। पूछताछ में उसने अपने पेट में कोकीन होने की बात कही। वह भारत में तस्करी के लिए ड्रग्स लाया था। 30 मार्च को पकड़े गए सिएरा लियोन के ड्रग्स तस्कर को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। अदालत के आदेश पर उसे मुंबई के जेजे अस्पताल में भर्ती कराया। ओपरेशन के जरिए उसके पेट से 74 कैप्सूल निकाले गए। वह सभी कोकीन से भरे हुए थे। इनका वजन 1108 ग्राम था। वहीं, इसकी कीमत 11 करोड़ रुपये आंकी गई।

**लोकसभा चुनाव पर महाराष्ट्र बीजेपी का महामंथन**

बीजेपी नेता ने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर हर बूथ पर कार्यक्रम होना चाहिए। इस दौरान मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को सभी आम मतदाताओं तक पहुचाएं। इस बैठक में डीसीएम देवेंद्र फडणवीस, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, मुम्बई अध्यक्ष आशीष शेलार, पूर्व केंद्रीय मंत्री भागवत कराड, महाराष्ट्र बीजेपी प्रभारी दिनेश शर्मा समेत कई वरिष्ठ नेता हुए शामिल हुए। डिप्टी सीएम ने कहा कि आज हमारी बैठक पुरी हुई है और सभी को लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगने के निर्देश दिए गए हैं। महाराष्ट्र में महायुति मिलकर चुनाव लड़ रही है। इस देश को इंडिया गठबंधन के भ्रष्टाचार से मुक्त करना है और आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर भी चर्चा की गई। सभी 288 विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन का आयोजित किया जाएगा और मित्र पार्टियों को भी साथ रखा जाएगा।

**रोहित शर्मा के आउट होने पर क्रिकेट प्रेमियों में हुआ झगड़ा**

आरोप है कि रोहित के आउट होने पर गुस्से में आकर दो लोगों ने क्रिकेट प्रेमी बंडोपंत बापूसो तिबिले का सिर फोड़ दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। इस मामले में करवीर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, इलाज के दौरान 63 वर्षीय हनमंतवाडी निवासी बंडोपंत बापूसो तिबिले ने दम तोड़ दिया। सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। करवीर पुलिस ने मारपीट करने वाले बलवंत महादेव झांजगे (उम्र 50) और सागर सदाशिव झांजगे (उम्र 35) को गिरफ्तार कर लिया है। चार दिन पहले मुंबई इंडियंस बनाम सनराइजर्स हैदराबाद मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में रोहित शर्मा के आउट होने के बाद चेन्नई टीम के फैन मृतक बंडोपंत तिबिले ने खुशी जताई।

**महाराष्ट्र के सहकारी बैंक में बड़ा घोटाला**

जांच में पता चला कि उसने अन्य कर्मचारियों की मदद से इतनी बड़ी रकम का गबन किया। यह भी खुलासा हुआ है कि शर्मा ने बैंक की बड़ी राशि अन्य बैंकों के विभिन्न खातों में ट्रांसफर की। पुलिस के मुताबिक, नांदुरा अर्बन बैंक बुलढाणा जिले में जाना-माना सहकारी बैंक है। इस बैंक में जूनियर कंप्यूटर ऑफिसर के पद पर कार्यरत आरोपी गजानन शर्मा ने बैंक में बड़ा गबन किया। शर्मा ने बैंक के करोड़ों रुपये बार-बार दूसरे बैंक के खाते में ट्रांसफर किए। जांच में पता चला है कि यह घोटाला उसने बैंक के अन्य कर्मचारियों की मिलीभगत से किया।




## महत्वपूर्ण घोषणा

दून बॉलिवुड एक्टिंग स्कूल & फिल्म वर्ल्ड की ओर से 'ग्रीष्मा' फिल्म के आडिशन दिनांक 6 और 7 अप्रैल को देहरादून में होने जा रहे हैं। जिसमें मुख्य कलाकार संजय मिश्रा, दर्शिल सफारी, मिसाल नारंग, अंशुमान पुष्कर, हितेन तेजानी, निखत खान, ज्योति सुभाष, नीरा कुलकर्णी और सतीश पुलेकर हैं। इस फिल्म के निर्माता जी एल सदाना जी और निर्देशक विशाल जी हैं। यह फिल्म केप्लर मोशन पिक्चर के बैनर तले बन रही है। इससे पूर्व एक और फिल्म मिस्ट्री विला का निर्माण हो चुका है। जो कि 3 माह में रिलीज हो जाएगी, जिसके निर्माता जी एल सदाना जी और निर्देशक जैकी पटेल जी हैं। जिसमें दून बॉलिवुड एक्टिंग स्कूल & फिल्म वर्ल्ड की ओर से उत्तराखंड के 29 कलाकारों को काम करने का मौका मिला। और यह फिल्म की शूटिंग उत्तराखंड के देहरादून में गेम विला, दून बॉलिवुड एक्टिंग स्कूल & फिल्म वर्ल्ड में मुख्य भाग व चौपता, मसूरी, ऋषिकेस, झाझरा, टिहरी झील, धारी देवी मन्दिर और अन्य जगहों पर हुई। मिस्ट्री विला में मुख्य भुमिका में शहबाज खान, अस्मित पटेल, दिनेश लांबा, संजीत धूरी व सोनल सिंह हैं। निर्माता जी एल सदाना जी ने निर्देशक जैकी पटेल, विशाल जी और अन्य निर्देशकों के साथ अब तक 40 से ज्यादा फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। 'ग्रीष्मा' कि लांच पार्टी के लिये आमिर खान को भी निमंत्रण भेजा जा चुका है, जिसमें उनके आने कि पुरी उम्मीद है। जो भी कलाकार इस फिल्म में काम करना चाहते हैं, वो सभी आडिशन मे जरूर भाग लें। इस फिल्म में 100 से अधिक लोकल कलाकारों की आवश्यकता है। पूरी फिल्म उत्तराखंड में शूट की जाएगी। जो लोग एक्टिंग सीखना चाहते हैं, वो भी दून बॉलिवुड एक्टिंग स्कूल & फिल्म वर्ल्ड में सम्पर्क कर सकते हैं और प्रशिक्षण के दौरान ही बॉलिवुड में काम करने का सीधा मौका पा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### पीएम ने ईस्टर पर शुभकामनाएं दीं



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि नवीनीकरण एवं आशावाद का संदेश हर जगह गूंजेगा। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि यह दिन हम सभी को एकजुट होने, एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करे। सभी को ईस्टर की शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि ईस्टर पर हम आशा करते हैं कि नवीनीकरण और आशावाद का संदेश हर जगह गूंजेगा।

### पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश, 7 की मौत



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बीते 24 घंटे के दौरान मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि के कारण कुछ घर गिरने से पांच बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के बड़े हिस्से में भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई। कबायली जिले बजौर में बारिश के कारण एक घर ढह जाने से तीन बच्चों समेत पांच लोग मलबे में दफन हो गए।

### सीरिया में बम विस्फोट दो बच्चों समेत 3 की मौत



**बेरूत।** उत्तरी सीरिया में तुर्किये स्थित सीरियाई विरोधी लड़ाकों के कब्जे वाले एक शहर के भीड़भाड़ वाले बाजार में शनिवार देर रात हुए कार बम विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। बचावकर्मियों और युद्ध निगरानी संस्था ने यह जानकारी दी। अलेप्पो प्रांत के अजीज शहर में बम विस्फोट हुआ। सीरियन सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने बताया कि मध्यरात्रि के बाद हुए विस्फोट में दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गई।

## कंबोडिया में साइबर फ्रॉड बनाए गए 250 भारतीय देश लौटे

# फेक फेसबुक प्रोफाइल बनाकर इनसे भारत में कराई थी 500 करोड़ की ठगी



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

*नौकरी की तलाश में कंबोडिया गए करीब 5000 भारतीयों को वहां साइबर गुलाम बना कर रखा गया है। इन लोगों को भारत के ही नागरिकों के साथ साइबर फ्रॉड करने के लिए मजबूर किया जाता था। इनमें से करीब 250 लोगों को बचाकर वापस भारत लाया गया।*

कंबोडिया में फंसे 250 भारतीयों को देश वापस लाया गया है। इनमें से 75 लोगों को पिछले 3 महीनों में बचाया गया। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने दी। रणधीर जैसवाल ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि इन भारतीयों को नौकरी का लालच देकर कंबोडिया ले जाया गया था। इसके बाद वहां इनसे साइबर फ्रॉड से जुड़े काम करवाए गए।

करीब 5 हजार भारतीय अब भी कंबोडिया में फंसे हुए हैं। इन्हें वापस लाने की कोशिशें जारी है। भारतीयों को जबरदस्ती कंबोडिया में रखा गया है। इन लोगों को भारत के ही नागरिकों के साथ साइबर फ्रॉड करने के लिए मजबूर किया जाता था। सरकार का अनुमान है कि धोखेबाजों ने पिछले छह महीनों में भारत में लोगों से कथित तौर पर 500 करोड़ रुपए की ठगी की है।

**खास बातें**

- कंबोडिया के अधिकारी और भारतीय राजदूत भारतीयों की कर रहे मदद
- जिम्मेदार लोगों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**नौकरी की लालच में 5 हजार भारतीय कंबोडिया में फंसे**



### वापस आए भारतीय एफआईआर दर्ज नहीं करवा रहे

कंबोडिया में भारतीय दूतावास के सचिव अवारन अब्राहम ने कहा कि उन्हें कंबोडिया के अलग-अलग हिस्सों से हर रोज भारतीयों की तरफ से की गई चार से पांच शिकायतें मिलती हैं। ये वापस भारत भेजे जाने और जबरदस्ती फ्रॉड से जुड़ी गतिविधियां करवाए जाने की शिकायत करते हैं। जैसे ही शिकायत मिलती है पुलिस को सूचित किया जाता है। अब्राहम ने कहा कि हालांकि, इस पूरे मामले में एक परेशानी है। जब फंसे हुए भारतीयों को बचाकर भारत वापस लाया जाता है, तो वे एफआईआर दर्ज नहीं कराते। जब एफआईआर नहीं होगी, तब तक पुलिस उस गैंग को पकड़ने में कामयाब नहीं होगी जो नौकरी के झूठे वादे भारतीयों को कंबोडिया भेज रहे हैं।

### कंबोडिया सरकार मदद कर रही

*जैसवाल ने कहा कि कंबोडिया में भारतीय दूतावास सक्रिय रूप से भारतीयों की मदद कर रहा है। कंबोडिया के अधिकारियों के साथ मिलकर दूतावास ने 250 भारतीय नागरिकों को बचाया और वापस भारत भेजा। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ऐसी धोखाधड़ी वाली योजनाओं से बचने के लिए चेतावनी जारी की है। जैसवाल ने कहा कि हम कंबोडिया में उन सभी भारतीयों की मदद करने के लिए तैयार हैं जो हमारा साथ चाहते हैं। हम इन फर्जी योजनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने के लिए कंबोडिया के अधिकारियों और भारत में सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।*

### भारतीयों से कराई जा रही साइबर गुलामी

जानकारी के मुताबिक कंबोडिया में साइबर ठग बनाए गए भारतीय ईडी और दूसरे कस्टम अधिकारी बनकर भारत में फोन करते थे। ये लोगों को कहते थे कि उनके भेजे गए पार्सल में संदिग्ध सामान मिला है। अगर वो पुलिस कार्रवाई से बचना चाहते हैं तो पैसे भेज दें। विदेश मंत्रालय के मुताबिक इस तरह ठगी कराकर कंबोडिया में भारतीयों से साइबर गुलामी कराई जा रही है।

### नौकरी दिलाने के बहाने टूरिस्ट वीजा पर ले जाते हैं

*कंबोडिया से बचाकर लाए गए एक शख्स ने बताया कि मंगलुरु के एक एजेंट ने उसे कंबोडिया में डेटा एंट्री की नौकरी ऑफर की। उसके बाद दो और लोगों को कंबोडिया ले जाया गया। उसने बताया कि उन्हें टूरिस्ट वीजा पर ले जाया गया। कंबोडिया पहुंचने पर उन्हें एक ऑफिस में ले जाया गया। यहां उनकी टाइप करने की स्पीड का टेस्ट हुआ और इंटरव्यू लिया गया। हालांकि, इस वक्त तक भी उन्हें नहीं मालूम था कि उनसे क्या कराया जाएगा। ऑफिस जॉइन करने के बाद उन्हें पता चला कि उनका काम फेसबुक पर उन लोगों के बारे में पता करना है जिनके साथ आसानी से ठगी हो सके। लोगों को फंसाने के लिए उनसे महिलाओं के नाम पर फेसबुक आईडी बनवाई जाती थी। उनसे ये सारा काम चीन की एक टीम कराती थी। एक मलेशिया का व्यक्ति उनके निर्देशों को इंग्लिश में ट्रांसलेट करता था।*

## आर्थिक संकट में फंसा पाकिस्तान

### पीएम ने सरकारी कार्यक्रमों में 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर लगाई रोक

मुंबई हलचल / इस्लामाबाद

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में आर्थिक संकट के चलते फिजूलखर्ची को कम करने के प्रयासों के तहत सरकारी कार्यक्रमों में 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है और केवल राजनयिकों के स्वागत कार्यक्रम में ही इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे के दौरान 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर नाराजगी व्यक्त की। पीएम के निर्देश पर 'रेड कारपेट' के



इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। पीएम ने निर्देश दिया है कि भविष्य में सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और अधिकारियों के लिए 'रेड कारपेट' का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। इसका इस्तेमाल केवल विदेशी राजनयिकों के लिए एक प्रोटोकॉल के रूप में किया जा सकेगा।

## मध्य गाजा में इजराइली एयरस्ट्राइक

### 2 फिलिस्तीनी पत्रकारों की मौत हॉस्पिटल के पास टेंट पर हमला

मुंबई हलचल / यरुशलेम

इजराइली सेना ने मध्य गाजा में बड़ी एयरस्ट्राइक की है। इससे लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। सूचना के अनुसार ये हमला मध्य गाजा में दीर अल-बलाह स्थि अल-अक्शा हॉस्पिटल के पास एक टेंट पर हुआ।

इसमें 2 फिलिस्तीनी पत्रकार मारे गए। कई अन्य घायल भी हुए हैं। मरने वालों का आंकड़ा अभी बढ़ सकता है। सोशल मीडिया पर यह घटना तेजी से वायरल हुई। बता दें कि इजराइली सेना हमास आतंकियों की ओर से 7 अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद लगातार गाजा पर पलटवार कर रही है।



#### गाजा में अब तक 32 हजार से ज्यादा मौतें

*हमास के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार गाजा की एयरस्ट्राइक और जमीनी ऑपरेशन में अब तक 32 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इजराइली सेना लगातार गाजा के विभिन्न भागों पर हमले कर रही है।*

## दक्षिणी कमान के लेफ्टिनेंट जनरल बोले

### सेना का ध्यान स्वदेशीकरण और तकनीक अपनाने पर



मुंबई हलचल / पुणे

दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने कहा कि सेना की दक्षिण कमान स्वदेशीकरण, तकनीक को अपनाने और परिचालन क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। अजय सिंह ने 2024 के दौरान परिवर्तनकारी बदलाव के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए कमान की प्रतिबद्धता के बारे में बात की। सेना 2024 को 'प्रौद्योगिकी अवशोषण के वर्ष' के रूप में मना रही है।

सिंह ने कहा कि यह थीम परिवर्तनकारी बदलाव के साथ ही हमारी परिचालन और साजोसामन संबंधी आवश्यकताओं के नवोन्मेषी समाधान के लिए घरेलू विशेषज्ञता का इस्तेमाल करने के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। बता दें, एक अप्रैल को अपना 130वां स्थापना दिवस मना रही दक्षिणी कमान भारतीय सेना की सबसे पुरानी और बड़ी कमान है।

#### हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन स्थापित हुआ

*सिंह ने बताया कि दक्षिण कमान क्षेत्र में इस साल 15 मार्च को पहली मध्यम लिफ्ट अटैक हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन की स्थापना की गई। यह स्क्वाड्रन बोइंग के आधुनिक अपाचे एएच 64ई हेलीकॉप्टर से लैस होगी। उन्होंने कहा कि देश में आने वाले महीनों में दो चरणों में छह अनुबंधित हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना 100 से अधिक देशों के साथ संयुक्त प्रशिक्षण दे रही है और इसमें 25 से अधिक देशों में द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यास, 70 देशों के 3,000 से अधिक सैन्य कर्मियों का प्रशिक्षण और दुनियाभर में 16 प्रशिक्षण दलों का प्रबंधन शामिल है।*

#### आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान

सिंह ने कहा कि दक्षिणी कमान ने रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भर होने के भारत के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भौगोलिक रूप से देश के उद्योग केंद्रों के साथ स्थित होने और बड़ी संख्या में फील्ड फायरिंग रेंज (एफएफआर) होने के कारण, दक्षिणी कमान विभिन्न हथियार, महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों और परिष्कृत गोला-बारूद के परीक्षणों के लिए परीक्षण केंद्र के रूप में कार्य करती है। दक्षिण कमान ने हाल ही में दो प्रमुख संयुक्त अभ्यास 'अभ्यास भारत शक्ति' और 'अभ्यास त्रिशक्ति प्रहार' किया। अभ्यास भारत शक्ति को पीएम नरेंद्र मोदी ने भी देखा।

## चीन के भीषण हमले की आशंका से डरा जापान

### नागरिकों को बचाने युद्धस्तर पर बम शेल्टर होम बनाने में जुटा

मुंबई हलचल / टोक्यो

जापान की सरकार ने ताइवान पर चीनी हमले की संभावना जताते हुए आशंका जताई है कि ये युद्ध उसके सुदूर दक्षिण-पश्चिमी द्वीपों तक पहुंच सकता है, लिहाजा अपने नागरिकों हताहत होने से बचाने के लिए जापान ने ओकिनावा प्रांत के सुदूर द्वीपों में भूमिगत बम आश्रयों के निर्माण के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है, कि शेल्टर होम बनाने का ये कार्यक्रम, रक्षा मुद्रा में बदलाव का अनुसरण करता है।



#### मिसाइलें कीं तैनात

जापान आत्मरक्षा के लिए विमान-रोधी और सतह से जहाज तक मार करने वाली मिसाइलों को नानसेई (या रयूकू) द्वीप श्रृंखला में तैनात कर रहा है जो क्यूशू के मुख्य दक्षिणी द्वीप से दक्षिण-पश्चिम तक फैली हुई हैं। जापान की यह तैयारी संभावित युद्ध की तैयारी को लेकर है।

#### शेल्टर होम में भोजन-पानी की व्यवस्था

शेल्टर होम में 30 सेंटीमीटर मोटी स्टील और कंक्रीट को मिलाकर दीवारें बनाई जाएंगी और कम से कम दो हफ्ते के लिए पर्याप्त भोजन और पानी भी संग्रहित किया जा सकता है। इसमें पर्याप्त वॉश रूम, उठने-बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

# फिल्म 'द लॉस्ट गर्ल' 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में होगी रिलीज




**इंडस्ट्री के यंग टैलेंटेड डायरेक्टर आदित्य रानोलिया की फिल्म एक्शन, ड्रामा, और मनोरंजन से भरपूर**

**टेलीविजन** शो श्रीमद रामायण में सीता का किरदार निभा रही एक्ट्रेस प्राची बंसल की पहली फिल्म 'द लॉस्ट गर्ल' 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। युवा एवं प्रतिभाशाली लेखक, निर्देशक और निर्माता आदित्य रानोलिया की सच्ची घटनाओं पर बेस्ड फिल्म 'द लॉस्ट गर्ल' का ट्रेलर और गाने जब से लॉन्च किए गए हैं दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है और लोग फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हैं। एडमेक इंडिया मीडिया प्रा. लिमिटेड, ए. आर. फिल्म्स और ए. आर. स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म द लॉस्ट गर्ल का म्यूजिक कुमार मंगत पाठक की कंपनी पैनोरमा म्यूजिक कंपनी द्वारा रिलीज किया गया है जिसके गाने बहुत पसन्द किये जा रहे हैं। पैनोरमा स्टूडियो इंटरनेशनल द्वारा फिल्म को देशभर के सिनेमाघरों में 5 अप्रैल 2024 को रिलीज किया जा रहा है। फिल्म की मुख्य पात्र सुहानी का किरदार प्राची बंसल ने अदा किया है जो अपने माँ बाप की तलाश में



निकलती है। निर्देशक आदित्य रानोलिया का कहना है कि उन्होंने जब अपने दादा से 84 के दंगों की बातें सुनी थीं तो उसी समय निर्णय ले लिया था कि इस सच्ची घटना पर आधारित एक सिनेमा बनाएंगे। 4 साल पहले उन्होंने इसकी कहानी लिखनी शुरू की थी। इस फि ल्म को उसी स्थान पर फिल्माया जहां घटनाएं हुई थीं। अभिनेत्री प्राची बंसल फि ल्म में सुहानी का किरदार निभा रही है जो बचपन मे 5 साल की उम्र में भीषण सिख दंगों के दौरान अपने मातापिता से बिछड़ गई थी और बहादुर सुहानी 15 सालों तक कठिन संघर्षों और प्रताड़नाओ से लोहा लेती हुई अपने माँ बाप की तलाश करती है। वह पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा बनती है। द लॉस्ट गर्ल समाज में महिला सशक्तिकरण के जज्बात को बढ़ाने का सन्देश देती है। फिल्म में सुहानी के बचपन का रोल अरोनिका रानोलिया ने निभाया है साथ ही भूपेश सिंह, पूनम जांगड़ा, रमन नासा, रवीश सिंह इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म का संगीत विवेक अस्थाना का है, छायांकन फारूक खान का है, सैकंड यूनिट डायरेक्टर प्रभात ठाकुर, गीतकार अपूर्वा आशीष हैं, आवाज नेहा राजपाल और वीना जोशी ने दी है और कॉस्ट्यूम सिमी रानोलिया ने डिजाइन की है।

## हाइब्रिड कारों के टैक्स में कटौती से सस्ती हो सकती है ईवी

**नई दिल्ली।** अगर देश में हाइब्रिड कारों पर लगने वाले टैक्स में कटौती होती है तो इनकी कीमतें तो घटेंगी ही, इलेक्ट्रिक कारों की डिमांड भी कम हो सकती है और ऑटोमोबाइल कंपनियों को ईवी की बिक्री बढ़ाने के लिए इनकी कीमतों में भी कटौती के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। दरअसल, केंद्रीय सड़क-परिवहन मंत्री नितीन गडकरी ने हाल में कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से हाइब्रिड कारों पर लगने वाले टैक्स में कटौती करने की गुजारिश की है। उन्होंने हाइब्रिड कारों पर मौजूदा 28 प्रतिशत जीएसटी को घटाकर 12 प्रतिशत करने की अपील की है। अभी देश में उत्पादित हाइब्रिड कारों पर जीएसटी और अन्य टैक्स को मिलाकर कुल 43 प्रतिशत टैक्स लगता है। जबकि इलेक्ट्रिक कारों (ईवी) पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगती है और इसमें कंपेनसेशन सेस भी जीरो है। हालांकि, आम चुनाव के कारण आचार संहिता लागू होने से अभी जीएसटी में किसी प्रकार का बदलाव संभव नहीं है, लेकिन गडकरी के इस बयान से ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में हलचल है। टोयोटा और होंडा जैसी कंपनियां हाइब्रिड कारों पर टैक्स में कटौती की मांग कर रही हैं, वहीं मारुति-सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुंडई और महिंद्रा जैसी कंपनियां मौजूदा रेट को बनाए रखने के पक्ष में है।

# रमजान विशेष प्रस्तुति श्रृंखला 18

# इस्लामी शिक्षाओं में मां-बाप का मुकाम और मर्तबा

**अच्छे** सुलूक मे अदब एहतिराम फरमाँबरदारी रजामंदी खिदमत मे सब आते हैं। कुरान और हदीस में अल्लाह के हक के बाद बंदो के हकों में सबसे पहला हक इंसान पर उसके मां-बाप का है। कुरान हदीस कि इस तालीम से यह साफ जाहिर होता है कि मां बाप के साथ अच्छा सुलूक करना और उनका हुकुम मानना कितना जरूरी और अहम है क्योंकि अल्लाह तआला अपने बंदो को हुकुम दे रहा है कि अपने पालनहार मुझ अल्लाह की इबादत करो और मां-बाप के साथ अच्छा व्यवहार करो उसूले फिकह (धार्मिक नियम) की किताबों में किसी चीज का हुकुम में देना उसके फर्ज होने या वाजिब होने को कहते हैं। हजरत अबू हुरैरा रजि. से रिवायत है कि एक शख्स हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के पास आया और कहा कि ऐ अल्लाह के रसूल रिश्तेदारों में सबसे अच्छा सुलूक का सबसे ज्यादा हकदार कौन है। आप सल्लल्लाहु अलेही वसल्लम ने कहा तुम्हारी मां, उसने फिर निवेदन किया फिर कौन है आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने कहा तुम्हारी मां, उसने फिर फिर निवेदन किया फिर कौन है आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने कहा तुम्हारी मां, उसने चौथी बार फिर निवेदन किया उसने पूछा फिर कौन है आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया तुम्हारा बाप। (हदीस बुखारी मुस्लिम)। इस हदीस का भावार्थ यह है कि अच्छे सुलूक में मां के लिए तीन दर्जे है और बाप के लिए उसके बाद है। मां बच्चों की पैदाइश में तीन तरह की परेशानियां उठाती है पहले गर्भ की तकलीफ, दूसरे पैदाइश की तकलीफ और तीसरी दूध पिलाने की तकलीफ, और यही तीन तरह की तकलीफ मां को बाप श्रेष्ठता प्रदान करती है। इन तीन तरह की तकलीफों की चर्चा कुरान मजीद में की गई है। अल्लाह का कुरान मजीद में फरमान है कि और यह हकीकत है कि हमने इंसान को अपने मां-बाप का हक पहचाने की खुद ताकीद की है उसकी मां ने कमजोरी पर कमजोरी उठाकर उसे अपने पेट में रखा और 2 साल उसके दूध छोड़ने में लगे।(कुरआन 31: 14)। अल्लाह के रसूल की यह हदीस इस कुरानी आयत की व्याख्या है वास्तव में अच्छे सुलूक में माँ के प्रति कर्तव्यो के पालन में और मोहब्बत और मेहरबानी में सब पर प्राथमिकता प्राप्त है बाप को अदब व एहतिराम और और आज्ञा पालन में मां पर प्राथमिकता प्राप्त है। क्योंकि वह खानदान का सरदार और मुखिया है। अल्लाह तआला मां बाप के बारे में कुरान मजीद में फरमाता है कि तेरे रब (पालनहार) ने फैसला कर दिया है कि तुम लोग उसके सिवा किसी की इबादत ना करो। मां बाप के साथ अच्छा सुलूक करो अगर तुम्हारे पास उनमें से कोई एक या दोनों बूढ़े होकर रहे तो उन्हें उफ तक ना कहो ना उन्हें झिड़क कर जवाब दो बल्कि उनसे अदब के साथ बात किया करो और नर्मी और रहम के साथ उनके सामने झुक कर रहो और दुआ किया करो कि पालनहार इन पर रहम कर जिस तरह उन्होंने रहमत और मोहब्बत के साथ मुझे बचपन में पाला था (कुरान मजीद 17: 23-24)। हदीस की किताबें में हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का फरमान है कि माँ बाप की फरमाबरदारी और खिदमत में लगे रहो क्योंकि मां के कदमों के नीचे जन्नत है और बाप जन्नत का दरवाजा है। (हदीस अहमद नसई तबरानी)।

पैगंबर इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की खिदमत में एक शख्स हाजिर हुआ और उसने कहा कि अल्लाह के रसूल में जिहाद में शामिल होने की इच्छा रखता हूं लेकिन समर्थ ताकत नहीं है। आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम कहा क्या तुम्हारे मां-बाप से कोई जिंदा है। उसे शख्स ने कहा हां मेरी मां जिंदा है। आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने कहा बस तू अपनी मां की खिदमत और फरमाबरदारी के बारे में अल्लाह से डरते रहो और तुम उनके साथ में नेक सुलूक करोगे तो ऐसे हो जाओगे जैसे तुमने हज कर लिया, उमरा कर लिया और जिहाद( जद्दो जिहद स्ट्रगल) में शरीक हो गए (हदीस तबरानी, बैहकी)।

पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने मां बाप



के बारे में और फरमाया कि मां बाप के साथ अच्छा शुरू करने वाली औलाद जब भी रहमत मेहरबानी की नजर से मां-बाप को देखें तो हर नजर के बदले अल्लाह तआला उसके लिए कबूल हो जाने वाले हज का सवाब लिख देता है। पैगंबर के साथियों ने पूछा कोई अगरचे प्रतिदिन सौ बार देखे तो? आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने कहा हां अल्लाह बहुत बड़ा और वह बहुत ज्यादा पाक है। (दोषमुक्त मुक्त है)। (मिश्कात)। हदीस की किताबों में हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के फरमान के मुताबिक मां बाप के साथ अच्छा सुलूक करना गुनाहों के लिए माफी और कफ्फारा (प्रायश्चित) है। उसका अच्छा बदला दुनिया में मिलता है। मां-बाप के साथ अच्छा सुलूक करने की वजह से जन्नत में दाखिला मिलता है। मां बाप के साथ अच्छा सुलूक करने की वजह से दुआए कबूल होती है। मां बाप के साथ अच्छा सुलूक करने की वजह से उम्र और रोजी को बढ़ाता है। मां बाप की तरफ से सदका करना जन्नत में उनके मर्तबे को बढ़ाता है। मां की दुआओं से मुसीबत और बलाए टल जाती हैं। मां-बाप के लिए उठकर उनका स्वागत करना जायज है। मां-बाप के पास आने के लिए इजाजत लेनी चाहिए। मां-बाप के लिए दुआ करना फर्ज और नेकी है। मां-बाप सो रहे हो तो उनको ना जागना भी अच्छा सुलूक है। मां-बाप के इंतकाल के बाद उनके लिए मगफिरत , रहमत और माफी की दुआए मांगना नेकी है। पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम से एक आदमी ने पूछा ऐ अल्लाह के रसूल औलाद पर मां-बाप का कितना हक है। इस पर आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने कहा वह तुम्हारी जन्नत व दोजख ( स्वर्ग व नरक) है। ( हदीस इब्ने माजा)। यानी मां बाप की खिदमत करके जन्नत में जा सकते हो और ना फरमानी करके दोजख में।

पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम के एक साथी ने आपकी खिदमत में आकर पूछा कि मैं अपनी मां को अपने कंधे पर बैठा कर सात बार हज कराया हूं। क्या मैं उनका हक अदा कर सका। इस पर पैगंबर ने कहा तुम्हारी पैदाइश के वक्त जो दर्द तुम्हारी मां को हो रहा था। उस एक दर्द का भी हक यह 7 हज अदा नहीं कर सकते है।(हदीस)। अगर कोई शख्स अपने मां-बाप की खिदमत के लिए रोजी कमाने के लिए निकले ताकि उनको आराम पहुंचा सके तो उसकी यह मेहनत अल्लाह के रास्ते में होगी। अगर मां-बाप गैर मुस्लिम हो तो भी उनके साथ अच्छा सुलूक करना चाहिए और सिर्फ शिर्क (ईश्वर के अस्तित्व और विशेषताओं के साथ के किसी अन्य को शामिल करना) के मामले से बचना चाहिए। अल्लाह तआला से दुआ है कि इस मामूली सी कोशिश को लेखक के लिए कब्र के अजाब और जहन्नम के अजाब से निजात का जरिया बनाएं और सभी लोगों को अल्लाह अपने और अपने नबी स्वल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के फरमान पर चलने की तौफीक (सौभाग्य) प्रदान करें आमीन या रब्बुल आलमीन आप सभी पढ़ने वाले भाइयों बहनों से गुजारिश है कि आप सभी अल्लाह से दुआ फरमाए की अल्लाह अपने महबूब रहमतुल्लिल आलमीन हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के सदके तुफैल में रमजान की आखिरी असरे जहन्नम से आजादी पर मेरी मोहसिन मेहरबान माँ हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाहि अलैहा और मेरे अब्बू जनाब बाबू खान साहब कि अपने रहमत से बख्शीश और मगफिरत फरमाए और अपने नूर से उनकी कबरें अतहर को रोशन और मुनव्वर फरमाकर जन्नत के बाग में तब्दील फरमाए और आलमे बरजख में उन्हें इल्लीन आलम मुकाम अता फरमाकर अपनी रहमते बरकते खुशनूदी रजा अपना नूर अपनी तजल्लिया अता फरमाए और जन्नत का माहौल अता फरमाए और बदले की दिन उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए और उन्हें कब्र के अजाब से जहन्नम की आग से पुलसिरात और मैदाने महशर की तकलीफों से हिफाजत फरमाकर अपनी अमन और सलामती अता फरमाए आमीन रब्बुल आलमीन। ऐसी ही सभी पढ़ने वाले भाइयों बहनों से दुआ की गुजारिश है। अल्लाह आप सभी को जजाए खैर अता फरमाए आमीन रब्बुल आलमीन।

**आपकी दुआओं का तलबगार**
**आपका**
**- साजिद खान धनपुरी जिला**
**शहडोल**
**मध्य प्रदेश**

# नगर निगम देहरादून में भाजपा के 10 वर्षों के शासनकाल में होर्डिंग/यूनिपोल के संभावित Cartel द्वारा 300 करोड़ के खेल की जांच दबाई जा रही है: अभिनव थापर

**देहरादून।** कांग्रेस नेता अभिनव थापर ने कांग्रेस मुख्यालय से 26.11.2023 को प्रेस वार्ता कर संभावित कार्टेल सिस्टम को भाजपा के 10 वर्षों के शासनकाल में 300 करोड़ का फायदा व 2013 से 2023 तक होर्डिंग व यूनिपोल के टेंडरों में हुई अनियमिताओ से नगर निगम देहरादून को करोड़ों रुपयों की राजस्व हानि के मामले का पदार्फाश किया। टेंडर की शर्तों में न सिर्फ पार्टी के चयन का खेल हुआ मगर माननीय हाईकोर्ट के ऑर्डर को तोड़ मरोड़ कर एक्सटेंशन के नाम पर करोड़ों रुपए के कार्य का अपने चहेतों को बिना टेंडर आवंटन किया गया। इस पर कांग्रेस नेता अभिनव थापर ने बताया कि मेयर सुनील उनियाल गामा को 11.08.2023 को होर्डिंग




और यूनिपोल घोटाले में संभावित Cartel के 300 करोड़ के खेल का तथ्यों सहित पत्र दिया था। कांग्रेस नेता अभिनव थापर की प्रेस वार्ता के उपरांत कांग्रेस और भाजपा के निगम मेयर सुनील उनियाल गामा के बीच होर्डिंग के 300 करोड़ के भ्रष्टाचार की हाईप्रोफाइल जंग छिड़ गई थी और अंततः मामले में नगर निगम बोर्ड की अंतिम बैठक 30.11.2023 में जांच के आदेश दिए गए। किंतु आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम ने बोर्ड-बैठक के आदेश के 4 महीने बाद भी जांच समिति का गठन नहीं किया गया और भाजपा के नगर निगम देहरादून में 10 वर्षों (2013-2023) के शासनकाल में संभावित Cartel द्वारा 300 करोड़ के भ्रष्टाचार को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। और आज कई महीने के बाद भी इस पर नगर निगम ने कोई स्पष्ट कार्यवाही नहीं करी है। अभिनव थापर ने नगर निगम देहरादून की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़े किए और कहा कि देहरादून नगर निगम के 300 करोड़ के खेल में मेरी तथ्यों सहित शिकायत पर 11.08.2023 से आजतक जाँच से कौन रोक रहा है ? 30 नंवबर 2023 को अंतिम बोर्ड-बैठक में जाँज के आदेश के बाद भी किसके दबाव में नगर निगम ने 300 करोड़ के भ्रष्टाचार की जांच दबा दी गई है? कांग्रेस नेता अभिनव थापर ने कहा कि नगर निगम देहरादून की ' अंतिम बोर्ड बैठक ' में होर्डिंग के संभावित Cartel द्वारा 300 करोड़ के खेल की जांच को हम दबाने नहीं देंगे। अब कांग्रेस पार्टी जाँच समिति की रिपोर्ट के बाद अग्रेतर कार्यवाही पर विचार करेगी और दोषियों से सरकारी धन के ब्याज सहित वसूली की कार्यवाही करवायी जाएगी।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# डाइट में लें नेगेटिव कैलोरी वाले फूड्स और तेजी से घटाए वजन

**नेगेटिव कैलोरी फूड्स :** वजन कम करने के लिए अक्सर लोग लो कैलोरी फूड ही खाना पसंद करते हैं। इसके अलावा सेहत को लेकर सचेत रहने वाले लोगों की डाइट में भी ज्यादा लो कैलोरी फूड्स ही शामिल होते हैं। मगर क्या आप जानते हैं लो कैलोरी फूड की बजाए नेगेटिव कैलोरी फूड मोटापा कंट्रोल में ज्यादा मददगार होते हैं। जी हां, नेगेटिव कैलोरी फूड न सिर्फ आपका वजन कंट्रोल करता है बल्कि उसे जरूरत के हिसाब से कम भी करता है। अगर आप भी हैल्थ कॉन्शियस है तो आपको इसके बारे में पता होना जरूरी है।

## क्या होती है नेगेटिव कैलोरी?

नेगेटिव कैलोरी फूड ऐसे खाद्य पदार्थ होते हैं, जिसे पचाने के लिए भी कैलरीज की जरूरत होती है। 100 ग्राम नेगेटिव कैलोरी फूड को पचाने के लिए आपके शरीर में से 200 कौलोरी बर्न होगी। दरअसल, ऐसे खाद्य पदार्थों में कोई पोषक तत्व नहीं होता सिर्फ कैलोरी होती है। यह आपके शरीर में जमा होकर वसा या फैट का नर्माण करने लगता है और इन फूड्स को पचाने के लिए शरीर कौलोरी बर्न करना शुरू करता है। इससे आपका वजन बढ़ने की बजाए कम होने लगता है।

## नेगेटिव कैलोरी फूड्स

नेगेटिव कैलोरी ज्यादातर पौधों से प्राप्त होने वाली चीजों में पाई जाती है। जामुन, नींबू के फल, गाजर, टमाटर, खीरे, तरबूज, उबचिनी, सलाद आदि नेगेटिव कैलोरी फूड्स होते हैं। इसके अलावा फूलगोभी, ककड़ी, सेब और तोरईं में भी नेगेटिव कैलरी पाई जाती है। इन चीजों से आपको न सिर्फ हैल्दी कौलोरी मिलती है बल्कि इससे आपके शरीर को विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर भी भरपूर मात्रा में मिलते हैं। इतना ही नहीं, इनका सेवन मेटाबॉलज्मि को भी तेजी से बढ़ाता है, जिससे आपका वजन तेजी से कम होता है और कंट्रोल में भी रहता है।

## जंक और मीठे में होती है ज्यादा कैलोरी

दिनभर में खाएं जाने वाले खाद्य पदार्थ में थोडी-बहुत कैलोरी की मात्रा तो होती है लेकिन जंक और मीठे में सबसे ज्यादा कैलोरी होती है। इनमें पोषक तत्व नहीं होते इसलिए यह शरीर में फैट को जमा करके वजन बढ़ाने लगते हैं। जिन खाद्य पदार्थों में फाइबर और पानी की मात्रा ज्यादा होती है, उनमे कैलोरी की मात्रा कम पाई जाती है।





# बिना एक्सरसाइज 1 महीने में घटाएं जांघों और कूल्हों में जमी जिद्दी फैट !

मोटापा एक गंभीर समस्या है। आज हर तीसरा व्यक्ति मोटापे से परेशान है। वजन बढ़ने का सबसे ज्यादा असर पेट, जांघ और कूल्हों पर देखने को मिलती है। ज्यादातर इस परेशानी का सामना महिलाओं को ही करना पड़ता है। जांघ और कूल्हों के फैट के कारण कई बार दूसरों से सामने शर्मिंदा भी होना पड़ता है। अपनी शर्मिंदगी को कम करने और परफैक्ट फिगर पाने के लिए लड़कियां डाइटिंग और कसरत करने लगती है। जरूरत से ज्यादा कसरत करने पर शरीर में कमजोरी होने लगती है। ऐसे में आप बिना एक्सरसाइज के 1 महीने में जांघों और कूल्हों के फैट को कम कर सकते हैं।



**1. नारियल का तेल**
जांघों और कूल्हों का फैट कम करने के लिए नारियल तेल से मसाज करें। इसमें पाए जाने वाले गुण फैटी एसिड को ऊर्जा में बदल देते हैं। रोजाना जांघों और कूल्हों के आस-पास नारियल तेल से मालिश करने पर चर्बी आसानी से कम होने लगेगी।

**2. एप्पल साइडर विनेगर**
एप्पल विनेगर भी शरीर की चर्बी को कम करता है। ऑलिव ऑयल और नारियल तेल में एप्पल साइडर विनेगर डालकर एक मिश्रण तैयार करें। फिर रोजाना इस मिश्रण से जांघों और कूल्हों पर मसाज करें। दिन में दो बार इस तेल को लगाने से आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

**3. कॉफी ग्राउंड**
कॉफी में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट, कैफीन त्वचा को सेल्युलाइट और सेगिंग होने से रोकती है। इसको जांघों और कूल्हों पर स्क्रब करने से कुछ ही दिनों में आपको परफैक्ट फिगर मिलेगी। आप चाहे तो कॉफी में शहद मिलाकर भी लगा सकते हैं।

**4. कलौंजी का पानी**
वजन करने के लिए कलौंजी का पानी किसी औषधि से कम नहीं है। इसमें पाए जाने वाले गुण फाइवर फैट को कम करते हैं। कलौंजी को अच्छे से उबाल लें। फिर ठंडा होने पर इसका सेवन करें।

**5. पुदीने की चाय**
जाघों और कूल्हें के फैट कम करने के लिए पुदीने की चाय का सेवन करें। रोजाना पुदीने की चाय पीने से 1 महीने में आपकी जांघों और कुल्हें की चर्बी गायब हो जाएगी।

# क्या मच्छरों के काटने से भी हो सकता है एचआईवी?

मानसून के मौसम में पनपने वाले मच्छर मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू जैसी खतरनाक बीमारियां फैलाते हैं। बहुत से लोग मच्छरों से होने वाली बीमारियों को लेकर कन्फ्यूज रहते हैं। उन्हें लगता है कि मच्छरों के काटने से भी एचआईवी की बीमारी हो सकती है, जोकि गलत है। आज World Mosquito Day के मौके पर हम आपको कुछ ऐसे सवालों का जबाव बताएंगे, जो शायद ही आपको पता हो।

**क्या मच्छरों से फैलता है HIV?**
अक्सर लोगों के मन में सवाल ये उठता है कि जब इंफैक्टेड इंजेक्शन के जरिए एचआईवी फैल सकता है तो मच्छरों के जरिए क्यों नहीं। एक्सपर्ट के मुताबिक, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मच्छर के भीतर हर तरह के वायरस सरवाइव नहीं कर पाते और एड्स का वायरस मच्छरों के पेट में जिंदा नहीं रह पाता। मच्छर के पेट में खून के साथ ही एचआईवी वायरस भी डाइजेस्ट हो जाते हैं और वह पूरी तरह खत्म हो जाते हैं। अगर मच्छर किसी एचआईवी इन्फेक्टेड व्यक्ति से स्वस्थ व्यक्ति को भी काटता है तो भी यह नहीं फैलता।

**मच्छरों के काटने से खुजली क्यों होती है?**
मच्छरों के काटने से शरीर में खुजली शुरू हो जाती है क्योंकि मादा मच्छर जब खून पीने के लिए अपना डंक आपके शरीर में चुभाती है तो त्वचा की ऊपरी पर्त पर छेद हो जाता है। आपके शरीर में कहीं भी छेद हो तो तुरंत खून का थक्का जम जाता है। थक्का जम ने पर मच्छर खून नहीं पी पाते इसलिए मच्छर अपने डंक से एक ऐसा रसायन छोड़ते है, जिससे खून का थक्का नहीं बनता। मगर इसके रिएक्शन से त्वचा पर खुजली होने लग जाती है और वह जगह सूज भी जाती है।

**किस ब्लड ग्रुप को ज्यादा काटते है मच्छर**
शोधकर्ता मानते हैं कि मच्छरों में इतनी क्षमता नहीं होती कि वे हर तरह के ब्लड ग्रुप को पचा सकें। ऐसे में वह उन्हीं लोगों को ज्यादा काटते हैं, जिनके खून में शर्करा की मात्रा अधिक होती है। यही वजह है कि मच्छर ड ब्लड ग्रुप के लोगों को ज्यादा काटते हैं क्योंकि उनके खून में शर्करा की मात्रा ज्यादा होती है।

**पसीने की गंद भी करती है आकर्षित**
शोध में सामने आया है कि मच्छर पसीने की गंध से आकर्षित होते हैं। जिन लोगों को पसीना ज्यादा आता है मच्छर उन्हें ज्यादा काटते हैं। पसीने में लैक्टिक एसिड, यूरिक एसिड तथा अमोनिया जैसे तत्व होते हैं और जो मच्छरों को ज्यादा आकर्षित करते हैं।

**क्या मच्छर शाम को ही काटते हैं?**
मच्छर सुबह शाम ज्यादा एक्टिव होते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह दिन में नहीं काटेंगे। कुछ मच्छर ऐसे भी होते हैं, जोकि दिन के समय काट लेते हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ....शादी के लिए बेताब हुई कृति सेनन

**काफी** समय से ऐसी रूमर्स उड़ रही हैं कि कृति सेनन और साउथ एक्टर प्रभास के बीच कुछ चल रहा है। दोनों के रिश्ते को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि कृति-प्रभास को डेट कर रही हैं। दरअसल, कई मौकों पर इन दोनों की स्पेशल बॉन्डिंग देखने को मिली। आपको बता दें, इन दोनों ने फिल्म आदिपुरुष में साथ काम किया है। बस इसके बाद से ही कृति और प्रभास को लेकर उड़ रही अफवाहों को हवा मिली। जिसके बाद हाल ही में एक्टर वरुण धवन ने भी इस खबर को कंफर्म किया कि अब कृति की जिन्दगी में किसी शहजादे की एंट्री हो चुकी है। वरुण ने कहा, 'इनकी जिन्दगी में वो आ गया है, वो शहजादा आ गया है, जिसे वो आज कल डेट कर रही हैं। अब प्रभास को डेट करने की खबरों के बीच सुनने में आया है कि कृति शादी की बात कर रही हैं। आपको बता दें, एक वायरल वीडियो में कृति सेनन कहती नजर आ रही हैं कि अगर उन्हें कभी मौका मिला, तो वो प्रभास से शादी कर लेंगी। दरअसल, हाल ही में एक्ट्रेस से एक सवाल किया गया था कि वो कार्तिक आर्यन, टाइगर श्रॉफ और प्रभास में से किसके साथ शादी करना चाहेंगी? जिसके जवाब में वो बोलीं, प्रभास के साथ शादी करना चाहूंगी। वहीं, कृति के इस जवाब को सुन सभी का शक यकीन में बदल गया।





# फिर होगा सलमान का 'जलवा'

**बोनी कपूर** ने कुछ दिन पहले नो एंट्री के सीक्वल की घोषणा की। यही नहीं, उन्होंने नो एंट्री 2 की नई स्टार कास्ट का भी खुलासा कर दिया। नो एंट्री के बाद अब बोनी कपूर ने दो और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के सीक्वल पर बड़ा अपडेट दिया है। ये फिल्में हैं वॉन्टेड 2 और मिस्टर इंडिया 2। साल 2007 में आई वॉन्टेड सलमान खान के करियर की बेहतरीन फिल्मों में गिनी जाती है। अभिनेता ने राधे बन बॉक्स ऑफिस पर आग लगा दी थी। अब फाइनली 17 साल बाद बोनी कपूर ने फिल्म के सीक्वल पर चुप्पी तोड़ी दी है। बोनी ने कहा कि सलमान ने वॉन्टेड 2 को लेकर हामी भर दी है। न्यूज 18 संग बातचीत में बोनी ने कहा- बोनी ने कहा कि उन्होंने सलमान से पूछा था कि क्या वह वॉन्टेड 2 का पार्ट बनना चाहते हैं। इस पर अभिनेता ने हामी भरी। बोनी ने बताया कि वह जल्द ही सीक्वल पर काम शुरू कर देंगी। सिर्फ वॉन्टेड 2 ही नहीं, बल्कि बोनी कपूर ने मिस्टर इंडिया के सीक्वल की तैयारी भी शुरू कर दी है। 1987 की सुपरहिट फिल्म में अनिल कपूर और श्रीदेवी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बोनी ने खुलासा किया है कि वह मिस्टर इंडिया के लिए एक विदेशी प्रोडक्शन कंपनी के साथ बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, यह सीक्वल नहीं होगा, यह रीबूट या फिर कुछ और होगा। बोनी का कहना है कि फिल्म इस साल या फिर अगले कुछ सालों में फाइनल हो सकती है।








# एक बार फिर भीकू म्हात्रे बनकर लौटेंगे मनोज?

**बॉलीवुड** डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा की सुपरहिट फिल्म सत्या में मनोज बाजपेयी ने भीकू म्हात्रे का किरदार निभाया था। भीकू के उस किरदार को लोग आज भी नहीं भूल पाए है और मनोज के अलावा शायद की लोग इस किरदार में किसी और इमेजिन भी नहीं कर सकते हैं। वैसे तो अभिनेता ने अपने फिल्मी करियर में बहुत से दमदार रोल किए है मगर भीकू उनका सबसे बेहतरीन किरदार है। वहीं अब मनोज बाजपेयी ने सोशल मीडिया पर फैंस को एक बहुत बड़ा सरप्राइज देते हुए बताया है कि सत्या का भीकू म्हात्रे वापस आ रहा है। दरअसल, मनोज बाजपेयी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जो एक प्रोमो वीडियो है। वीडियो में मनोज बाजपेयी काफी इंटेंस लुक में दिख रहे हैं और उनके हाथ में सोने की घड़ी और बन्दूक दिखाई दे रही है। वीडियो में लिखा हुआ देखा जा सकता है कि भीकू म्हात्रे वापसी कर रहा है, वो भी बहुत जल्द। मनोज बाजपेयी ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'भीकू म्हात्रे इज बैक' इसके साथ ही एक्टर ने म्यूजिक कंपनी को टैग किया है। इस वीडियो के सामने आते ही एक्टर के फैंस काफी खुश है और वो एक्टर की पोस्ट पर कॉमेंट कर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर कर रहे हैं।

